हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, शिमला
सतर्कता जागरूकता सप्ताह
(दिनांक 29 अक्तूबर से 03 नवम्बर, 2018)

"भ्रष्टाचार मिटाओ - नया भारत बनाओ"

मुख्य सतर्कता अधिकारी, भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद, देहरादून के पत्र संख्या-।।।-3/2018/मु.स.अ./भावाअशिप(वी.ए.डव्ल्यू) दिनांक 03 अक्तुबर, 2018 तथा अतिरिक्त सचिव, केन्द्रीय सतर्कता आयोग, नई दिल्ली के परिपत्र संख्या-018/VGL/033/395730- दिनांक 24/09/2018 के द्वारा जारी निर्देशों की अनुपालना में संस्थान द्वारा दिनांक 29 अक्तूबर से 03 नवम्बर, 2018 तक **"सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2018"** मनाया गया, जिसका विषय **"भ्रष्टाचार मिटाओ - नया भारत बनाओ"** रहा ।

सभी अधिकारी एवं कर्मचारी दिनांक 29 अक्तूबर, 2018 को प्रातः 11.00 बजे शपथ समारोह हेतु सभागार में एकत्रित हुए एवं डॉ० वी० पी० तिवारी, निदेशक, हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, शिमला के द्वारा सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को संस्थान के सभागृह में भ्रष्टाचार उन्मूलन हेतु शपथ ग्रहण करायी गई। सप्ताह के दौरान संस्थान में प्रतिदिन विभिन्न प्रतियोगिताऐं जैसे- नारा लेखन, पोस्टर बनाना, निबंध लेखन, वादविवाद, इत्यादि का आयोजन किया गया । संस्थान के श्री विनोद कुमार, सहायक मुख्य तकनीकी अधिकारी ने पुजारली पंचायत-समूह के बीच तथा डॉ स्वर्ण लता, वैज्ञानिक ने वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला, ब्युलिया में जाकर भ्रष्टाचार उन्मूलन हेतु अपने विचार सांझा किए । सप्ताह में आयोजित प्रतियोगिताओं का तिथिवार विवरण इस प्रकार है :

क्रम	दिनांक	गतिविधियॉं
1	29/10/2018	प्रातः 11.00 बजे सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा सत्यनिष्ठा की प्रतिज्ञा ली गई एवं अन्य संबंधित विषयों पर विस्तार से चर्चा भी की गई। सभा के दौरान संस्थान के निदेशक की अध्यक्षता में अधिकारियों तथा कर्मचारियों ने भ्रष्टाचार मिटाने हेतु अपने-अपने बहुमूल्य विचार रखे ।

2	30/10/2018	**नारा लेखन** – इस प्रतियोगिता में संस्थान के स्थायी एवं विभिन्न परियोजनाओं के अंतर्गत कार्यरत अस्थाई कर्मचारियों ने भाग लिया । नारा लेखन प्रतियोगिता में 12 स्थायी/अस्थायी कर्मचारियों ने भाग लिया । श्री जीवन कुमार, क्षेत्र सहायक ने प्रथम तथा श्री प्रदीप कुमार, तकनीकी सहायक ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया । **पोस्टर बनाना** – पोस्टर प्रतियोगिता में 10 स्थायी-अस्थायी कर्मचारियों ने भाग लिया जिसमें श्रीमती जाग्रिति शर्मा, जे0आर0एफ0 ने प्रथम तथा श्री प्रदीप कुमार, परियोजना सहायक ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया ।
3	31/10/2018	**निबंध लेखन** – निबंध लेखन प्रतियोगिता में 11 स्थायी/अस्थायी कर्मचारियों ने **"भ्रष्टाचार मिटाओ – नया भारत बनाओ"** विषय पर हिंदी व अंग्रेजी में निबंध लिखकर भ्रष्टाचार को जड़ से उखाड़ फैंकने पर अपने विचार प्रस्तुत किए । कुमारी शिवानी चौहान, परियोजना सहायक ने प्रथम तथा श्री कुलवन्त राय गुलशन तकनीकी सहायक, ने द्वितीय स्थान हासिल किया ।
4	01/11/2018	श्री विनोद कुमार, स0मु0त0अ0 ने पुजारली पंचायत में जा कर लोगों से भ्रष्टाचार उन्मूलन विषय पर अपने विचार सांझा किए । कुमारी स्वर्ण लता, वैज्ञानिक सी ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला, ब्युलिया में **"भ्रष्टाचार मिटाओ – नया भारत बनाओ"** विषय पर छात्रों के साथ अपने विचार सांझा किए ।

4	02.11.2018	**कविता पाठ** - कविता पाठ प्रतियोगिता में 5 स्थायी/अस्थायी कर्मचारियों ने भाग लिया तथा कुमारी नेहा शर्मा, जे०आर०एफ० ने प्रथम और श्री कुलवन्त राय गुलशन, तकनीकी सहायक ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया । **वादविवाद** - संस्थान में विभिन्न कर्मचारियों द्वारा दो टीमे बनाकर भ्रष्टाचार के पक्ष-प्रतिपक्ष में अपने अपने विचार प्रस्तुत किए जिसमें कुमारी शिवानी चाहौन, परियोजना सहायक, टीम लीडर, टीम ए विजयी रही । श्री राजेन्द्र पाल, तकनीकी सहायक, टीम लीडर, टीम बी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

प्रतियोगिताओं के उपरांत सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अंत में डॉ वी० पी० तिवारी, निदेशक ने **भ्रष्टाचार मिटाओ - नया भारत बनाओ** विषय पर सभागार में उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संबोधित किया तथा अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा विभिन्न गतिविधियों को पूर्ण ईमानदारी से करने और भय अथवा पक्षपात के बिना कार्य करने के दृढ़निश्चय को सराहा। विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले विजेता प्रतिभागियों को डॉ वी० पी० तिवारी निदेशक, एचएफआरआई, शिमला द्वारा प्रमाणपत्र एवं पुरस्कार भी वितरित किए गए ।

अंत में श्री विनोद कुमार, स०मु०त०अ० ने **धन्यवाद प्रस्ताव** पारित किया ।

सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2018 – समारोह की झलकियाँ